garudexpress7@gmail.com www.garudexpress.com youtube.com/@garudexpress1542 93011 65813

साप्ताहिक

# गरुड़ एक्सप्रेस

RNI - MPHIN/2022/86458

महाशिवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं...

संपादक : राजेश लक्षकार

• वर्ष - 02 • अंक - 19 • पृष्ठ - 8 | नीमच | बुधवार, 06 मार्च 2024 | • प्रति मूल्य - 5 रु. • वार्षिक शुल्क - 250 रु.




## शहर में लगाए जा रहे अवैध बैनर पोस्टर पर नहीं नगर पालिका का ध्यान

# दुर्घटना को न्यौता दे रहे अवैध होर्डिंग-बैनर

शहर के मुख्य चौक-चौराहे, सड़के और गलियां अवैध पोस्टर और बैनर से पटे पड़े हैं। राजनीतिक हस्ताक्षेप रखने वाले प्रभावशाली लोगों ने नगर पालिका से अनुबंध किए बिना ही जगह-जगह पर पोस्टर और बैनर लगा दिए हैं। इससे जहां शहर की सुंदरता को प्रभावित हो रही हैं। वहीं नगर पालिका को सालाना राजस्व का नुकसान भी हो रहा है।

· गरुड़ एक्सप्रेस डेस्क

**नीमच। अवैध रूप से लगाए गए इन होर्डिंगों की संख्या एक सैकड़ा से अधिक होना बताई जाती है। हालांकि अभी तक नगर पालिका ने अवैध होर्डिंग की सूची तैयार नहीं की हैं। वहीं इन्हें हटाए जाने के लिए भी नगर पालिका के पास कोई प्लान नहीं है।**

शहर की सड़कों पर अवैध बैनर, पोस्टर की भरमार है। कहीं पेड़ों पर इसे लटकाया गया है तो कहीं बिजली के पोल और बास-बल्लियों के सहारे खड़ा कर दिया गया है। विभिन्न राजनीतिक दलों व व्यावसायिक कंपनियों के प्रचार करने की होड़ मची है। होर्डिंग, बैनर, पोस्टर लगाने वालों को जैसे ही इन्हें किसी अवसर पर प्रचार करने का ठेका मिलता है, रातोंरात शहर को होर्डिंग से पाट दिया जाता है। इससे सुबह शहर की खूबसूरती छिनी नजर आती है।

### नियमों की अनदेखी...

सड़कों के किनारे नीचे लटकाए गए बैनर भटका देते हैं वाहन चालकों का मन, हो जाती हैं दुर्घटनाएं

नियमों की अनदेखी कर लगाए जा रहे होर्डिंग से आए दिन दुर्घटनाएं भी हो रही हैं। सड़कों के किनारे और डिवाइडर पर नीचे की तरफ लटकाए गए बैनर व पोस्टर वाहन चालकों का ध्यान भटका रहे हैं। जिससे वह अक्सर अनियंत्रित हो जा रहे हैं। इससे दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है। नगर पालिका प्रशासन बैनर पोस्टर पर अंकुश नहीं लगा पा रही है। हर बार कार्रवाई की योजना बनती है, लेकिन रसूखदारों के आगे यह ठंडे बस्ते में चली जाती है।

इसी तरह के हाल सरकारी डिवाईडरों का है जहां पर प्रचार सामग्री चिपका कर बदरंग बनाया जा रहा है।



चौराहा व डिवाइडर पर लटकाए जा रहे बैनर पोस्टर



शहर के चौराहों व डिवाईडरों के साथ ही सड़क किनारे बिजली पालों में होर्डिंग, बैनर, पोस्टर लटकाए जा रहे हैं। शहर के टैगोर मार्ग, फव्वारा चौक, कमल चौक, अम्बेडकर रोड़, गोमाबाई रोड सहित सभी प्रमुख चौक चौराहों और मार्गों में बैनर, पोस्टर अवैध रुप से लगाए गए हैं और इनमें मजबूती नहीं होने से वह तेज हवा के झोका आने से टूटकर सड़क पर गिर जाते हैं। जो सड़क दुघटना का कारण बन रहे हैं।









# ग्रामीण महिलाओं को खंडवा फार्मर प्रोड्युसर कंपनी का भ्रमण करवाया




• गरुड़ एक्सप्रेस डेस्क

**डीकैन (राकेश सेन)।** टाटा सौलर पावर प्लांट द्वारा डीकैन, रतनगढ़ व आसपास की ग्रामीण महिलाओं को खंडवा फार्मर प्रोड्युसर कंपनी का भ्रमण करवाया गया। वर्तमान में टाटा पावर प्लांट द्वारा डीकैन रतनगढ़ क्षेत्र में 44 स्व-सहायता समूह चलायें जा रहें। इनमें महीलाओं को आत्मनिर्भर बनाने वाले कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। टाटा पावर के सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत वायएफ स्थान द्वारा संचालित उद्योग की परियोजना में एफपीओ का निर्माण किया जा रहा है। इसमें एफपीओ के वार्ड आफ डायरेक्टर व समूह के सदस्यों का दो दिवसीय केपीसीएल फार्मर प्रोड्युसर कंपनी का भ्रमण किया गया। जिसमें एफपीओ का गठन व कार्य एफपीओ के कार्यों को विस्तार से जानकारी दी गई।

भ्रमण के दौरान ही एसआरके मेनेजर वरूण चतुर्वेदी, वायएफ संस्था से परियोजना अधिकारी आर के श्रीवास्तव , कमला लोधी, इंद्रेश कुमार का विशेष सहयोग रहा। सभी अठारह महिलाओं ने भ्रमण को बहुत अच्छा बताया तथा बहुत कुछ सीखने को मिला,आगे भी इसी तरह कार्यक्रम होते रहना चाहिए।

# रूपये लेनदेन की बात को लेकर एक-दूसरे के साथ मारपीट करने वाले चार आरोपियों को कारावास

• गरुड़ एक्सप्रेस डेस्क

**जावद।** न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, जावद सुश्री प्रीति परिहार के द्वारा रूपये लेनदेन की बात को लेकर मारपीट कर गंभीर चोट पँहुचाने वाले एक पक्ष के तीन आरोपीगण सुंदरलाल पिता शांतिलाल कछावा, आयु-30 वर्ष, शांतिलाल पिता गमजी कछावा, आयु-45 वर्ष तथा देवीलाल पिता शांतिलाल कछावा, आयु-28 वर्ष, तीनो निवासी-ग्राम मेघपुरा, थाना जावद जिला नीमच को धारा 325/34 भारतीय दण्ड संहिता, 1860 के अंतर्गत एक-एक वर्ष के सश्रम कारावास व 300-300रू. अर्थदण्ड व 323/34 भारतीय दण्ड संहिता, 1860 के अंतर्गत 03-03 माह के सश्रम कारावास व 300-300रू. अर्थदण्ड से दण्डित किया तथा मारपीट कर साधारण पहुँचाने वाले दुसरे पक्ष के एक आरोपी राधेश्याम पिता रघुनाथ कछावा, उम्र-55 वर्ष, निवासी-ग्राम मेघपुरा, थाना-जावद, जिला नीमच को धारा 323/34 भारतीय दण्ड संहिता, 1860 के अंतर्गत 03-03 माह के सश्रम कारावास व 300-300रू. अर्थदण्ड से दण्डित किया ।

प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी करने वाले एडीपीओं श्री आकाश यादव द्वारा घटना की जानकारी देते हुए बताया कि घटना लगभग 07 वर्ष पूर्व की होकर दिनांक 15.01.2017 की रात्री की 10:30 ग्राम मेघपुरा की हैं। दोनो पक्षकारों के मध्य झगड़े के 60 हजार रूपयें के लेनदेन को लेकर विवाद चल रहा था, इसी बात को लेकर घटना दिनांक को दोनो पक्षकारो के मध्य विवाद हो गया, जिस कारण दोनो पक्षों द्वारा एक-दूसरे के साथ लात-घूंसो व लट्ठ से मारपीट कर चोटे पँहुचाई गई, जिससे एक पक्ष के देवीलाल की हाथ की हड्डी में फ्रैक्चर हो गया तथा शांतीलाल व सुंदरलाल को साधारण चोटे आई तथा दुसरे पक्ष के राधेश्याम, रामप्रसाद व देवीलाल पिता पन्नालाल को साधारण चोटे आई। घटना की रिपोर्ट दोनो पक्षकारो द्वारा थाना जावद में की गई। विवेचना के दौरान आहतगण का मेडिकल किये जाने के उपरांत शेष आवश्यक अनुसंधान अभियोग पत्र जावद न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। विचारण के दौरान दूसरे पक्ष के आरोपी रामप्रसाद पिता गंगाराम कछावा फरार हो गया देवीलाल पिता पन्नालाल कछावा की मृत्यु हो जाने से दोनो पक्षों के शेष पक्षकारों के संबंध में विचारण उपरांत यह निर्णय पारित किया गया।

# रास्ते के विवाद के महिला को जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपी को 03 माह का कारावास

• गरुड़ एक्सप्रेस डेस्क

**मनासा।** न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, मनासा के द्वारा रास्ते के विवाद के कारण महिला के साथ अश्लील गाली-गलौच करके जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपी ईशाक पिता काल्ले खाँ, उम्र-55 वर्ष, निवासी-ग्राम महागढ़, तहसील मनासा, जिला नीमच को धारा 294 भारतीय दण्ड संहिता, 1860 के अंतर्गत 03 माह के कारावास व 300रू. अर्थदण्ड व धारा 506(2) भारतीय दण्ड संहिता, 1860 के अंतर्गत 03 माह के कारावास से दण्डित किया ।

प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी करने वाले एडीपीओं अरविंदसिंह थापक द्वारा घटना की जानकारी देते हुए बताया कि घटना लगभग 05 वर्ष पूर्व की होकर दिनांक 08.06.2019 की सुबह के 9 बजे ग्राम महागढ़ स्थित फरियादीया नुरजहां के घर के सामने की हैं। आरोपी व फरियादीया के मध्य पूर्व से रास्ते का विवाद चला रहा हैं, इसी बात को लेकर घटना वाले दिन आरोपी ने फरियादीया को अश्लील गॉलीया देते हुवे जान से मारने की धमकी दी, जिसकी रिपोर्ट फरियादीया ने थाना मनासा पर की, जिस पर से आरोपी के विरूद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट पंजीबद्ध की जाकर, विवेचना उपरांत अभियोग-पत्र मनासा न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

# समाजसेवी स्नेहलता शर्मा का नेपाल में 8 मार्च को शिरोमणी अवार्ड से होगा सम्मान

• गरुड़ एक्सप्रेस डेस्क



**नीमच।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 8 मार्च को आयरन लेडी अवार्ड से सम्मानीत समाज सेवीका श्रीमती स्नेहलता विजय शर्मा को अंतरराष्ट्रिय महिला शक्ति शिरोमणी अवार्ड के लिये आमंत्रित किया गया है। आपको बता दे कि श्रीमती शर्मा ब्राम्हण समाज एवं राजनिती मे सक्रियता से अपनी भुमीका निभाती हुई आई है। विगत 16 वर्षो से समाजसेवा में अग्रणी भुमीका नीभा रही है ,महिला सुरक्षा की बात हो निःशुल्क मार्शल आर्ट केम्प लगवाना , चाहे पर्यावरण की बात हो निःशुल्क पौधे वितरण करना हो या स्वच्छता अभियान जन जागरण की बात हो कोरोना काल मे अपनी जान की परवाह ना करते हुये सेवा कार्य मे आगे रही जनता के हितो की लडाईया बेख़ौफ होकर लडना, राजनिती से ऊपर उठकर हर धर्म के लोगो की सहायता हेतु तत्पर रहना। 16वर्षो में वे अनेक पुरस्कार प्राप्त कर चुकी है। श्रीमती शर्मा आयरन लेडी अवार्ड, प्रियदर्शनी अवार्ड, आईकॉन अवार्ड, विरांगना झांसी की रानी अवार्ड जिला कलेक्टर से लेकर प्रदेश स्तर और राष्ट्रीय स्तर से लेकर अंतरराष्ट्रिय स्तर तक सम्मान प्राप्त किया।

-:: कार्यालय नगर परिषद, जीरन जिला नीमच (म.प्र.) ::-

एन.आई.टी. संख्या– 343,344,345 /ई–टेण्डर /2024 — जीरन दिनांक– 05.03.2024

नियम 91 (1) (क) (ii)

:: ई–निविदा आमंत्रण सूचना ::

मध्यप्रदेश शासन

निम्नलिखित निर्माण/आपुर्ति/सेवाओं के लिए निविदा मानदंडों को पूरा करने वाले ठेकेदारों/ कंसल्टेंट्स और ख्याति प्राप्त फर्म्स से ऑनलाईन (Online) बोली आमंत्रित हैं।

| क्रन संख्या | पैकेज / कोड | निर्माण / आपूर्ति / सेवाओं | जिला | संभावित राशि | पूर्णता अवधि | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 2024_UAD_341475 | REJUVENATION WORK OF JEERAN TALAB UNDER AMRUT 2.0 SCHEME | नीमच | 32,08,000 | 9 माह वर्षाकाल सहित | 24,063 | 5,000 |
| 02 | 2024_UAD_341515 | वार्ड क्रमांक – 14 में इरधार रोड मांगलिक भवन के पास में डोम निर्माण कार्य। | नीमच | 10,18,850 | 6 माह वर्षाकाल सहित | 7,650 | 2,000 |
| 03 | 2024_UAD_341516 | वार्ड क्रमांक – 07 में किलेश्वर परिसर में मांगलिक भवन (राजपूत धर्मशाला) के पास डोम निर्माण कार्य। | नीमच | 10,18,850 | 6 माह वर्षाकाल सहित | 7,650 | 2,000 |

शर्ते :–

1 इच्छूक बोलीदाता website - https://www.mptenders.gov.in पर एनआईटी देख सकते है।
2 सार्वजनिक अवकाश को छोड़कर टेण्डर क्रय की दिनांक 05.03.2024 (17:30 बजे) से दिनांक –04.04.2024 (17:30) एवं ऑनलाईन बीड सबमिट करने की दिनांक 05.03.2024 (17:30 बजे) से दिनांक –04.04.2024 (17:30) तक है। एवं बिड ओपन की दिनांक 08.04.2024 (11:00 बजे) है।
3 एनआईटी में संशोधन यदि कोई होता है तो केवल वेबसाईट पर प्रकाशित किया जाएगा और समाचार पत्रों में नहीं।
4 किसी भी स्पष्टीकरण की आवश्यकता हो तो कृपया नगर परिषद जीरन से सम्पर्क करें। फोन नम्बर 07423-236535
5 निविदा संबंधी शर्ते नगर परिषद जीरन कार्यालय में देखी जा सकती है।

(रामकरण सगवारिया) अध्यक्ष नगर परिषद, जीरन (म.प्र.)

(यशवंत सगवारिया) निर्माण समापति नगर परिषद जीरन (म.प्र.)

(एन.एल. प्रजापति) मुख्य नगरपालिका अधिकारी, नगर परिषद, जीरन (म.प्र.)

# जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि के अवैध अतिक्रमण पर चला बुलडोजर



• गरुड़ एक्सप्रेस डेस्क

**मनासा।** तहसीलदार के नेतृत्व में प्रशासनिक अमले द्वारा नाकोड़ा रेस्टोरेंट का अवैध अतिक्रमण तोड़ा गया। सोमवार को दोपहर 12 बजे करीब प्रशासनिक अमला रामपुरा रोड स्थित नाकोड़ा रेस्टोरेंट पर पहुंचा और अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू की गई।

मिली जानकारी अनुसार वर्ष 2019 में ललिता बाई राधेश्याम कुशवाह द्वारा तहसील कार्यालय में रेस्टोरेंट मालिक के खिलाफ अवैध अतिक्रमण की शिकायत दर्ज करवाई गई थी । जिसमे नाकोड़ा रेस्टोरेंट मालिक मनीष पोरवाल के पक्ष में फैसला दिया गया। वही शिकायतकर्ता द्वारा वर्ष 2022 में एसडीएम कार्यालय में अपील की गई ।जिसमे शनिवार शाम 4 बजे शिकायतकर्ता के पक्ष में फैसला सुनाया गया व नाकोड़ा रेस्टोरेंट के मालिक के खिलाफ अतिक्रमण दर्ज पाया गया ।

सोमवार दोपहर 12:00 बजे थाना पुलिस बल प्रशासनिक अमला व तहसीलदार बीके मकवाना मोका स्थल पहुंचा व अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू की । प्रशासन ने करीबन 60 बाय 80 का प्लाट व 15 फिट रास्ता अतिक्रमण मुक्त करवाया । लेकिन शिकायतकर्ता का कहना है कि प्रशासनिक अधिकारी और रेस्टोरेंट मालिक की साठ गांठ के चलते 20 फिट रास्ता होने के बावजूद मुझे 15 फिट का रास्ता दिया जा रहा है प्रशासन द्वारा की गई कार्यवाही से में संतुष्ट नहीं हूँ। कार्रवाई के दौरान मनासा थाना प्रभारी एसके यादव पुलिस स्टाफ,नगर परिषद कर्मचारी व प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।



### एक कार को पहुंचा नुकसान

# दो पक्षों में आपसी विवाद के चलते जमकर हुई पत्थर बाजी

दिलीप बोराना • गरुड़ एक्सप्रेस डेस्क

**मनासा।** मंगलवार दोपहर 2 बजे करीब नीमच झालवाड़ रोड पर हाड़ी पिपलिया में मुख्य सड़क पर आपसी विवाद के चलते दो बंजारा पक्षों में जमकर विवाद हुआ। विवाद के चलते दोनो पक्षों में जमकर पत्थर और लठबाजी हुई। वही सड़क पर पड़ी एक कार पूरी तरह क्षति ग्रस्त हो गई । पत्थर बाजी के दौरान मुख्य सड़क के दोनो तरफ लंबा जाम लग गया। वही हालत देखते हुए सड़क पर से गुजर रहे कई वाहन चालक अपने वाहनों को लेकर वापस मुड़ गए । करीब 20 मिनिट तक चली पत्थर बाजी की घटना में दोनो पक्षों के कई लोगो को चोटे पहुंची।

दोनो ही पक्ष बंजारा समाज के बताए जा जिसमे एक पक्ष गांव दातोली तो दूसरा पक्ष हरिपुरा का बताया जा रहा है। सूचना पर मनासा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस के आने से पहले दोनो पक्षों के लोग मौके से फरार हो गए। जिसके बाद रोड पर लगा जाम खुला।

॥श्री गणेशाय नमः॥

श्री मंशापूर्ण यात्रा संघ

जीरन, जिला-नीमच (म.प्र.)

हिमालय दर्शन, हरिद्वार, ऋषिकेश, यमनोत्री, गंगोत्री, उत्तरकाशी, केदारनाथ, श्री बद्रीविशालजी माना, सरस्वती दर्शन

25 से 27 दिवसीय यात्रा
2x2 लक्झरी बस द्वारा

उत्तराखण्ड के चार धाम की यात्रा

प्रति यात्री किराया
22501/- रुपये
प्रस्थान दिनांक : 13 मई 2024

अयोध्या यात्रा

जीरन से पुष्कर जी, सालासार बालाजी, खाटु श्याम, मेहन्दीपुर बालाजी, गोकुल, मथुरा, वृन्दावन, अयोध्या रामलला के दर्शन, बनारस, काशी विश्वनाथ ज्योर्तिलिंग, प्रयागराज (इलाहाबाद), चित्रकूट से जीरन यात्रा

समय अवधि 8 दिन
यात्रा प्रस्थान दिनांक - मार्च 2024
2x2 स्लीपर कोच बस द्वारा यात्रा

चाय नास्ता भोजन सहित *2100/- रू. देकर अपनी स्लीपर बुक कराये
प्रति यात्री किराया - 8001/

-: व्यवस्थापक :-

सुरेश मुकाती मो. 8109210229
लोकेश मुकाती मो. 7000736940
राकेश पाटीदार, नीमच मो. 9424531032

कार्यालय नगर परिषद् रतनगढ़, जिला नीमच (म.प्र.)

Ph-07420 -253036, Email-cmoratangarh@mpurban.gov.in

क्रमांक-ई-निविदा/2023-24/632 रतनगढ़ दिनांक 04/03/2024

प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना

एतद द्वारा समस्त केन्द्रीकृत प्रणाली एवं नवीन पंजीकृत प्रणाली मे पंजीकृत ठेकेदारों से आनलाईन निविदाये आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट mptenders.gov.in/mpurban.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क0 | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधी एवं लागत | निविदा प्रपत्र मुल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथी |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 2024_UAD_340 937_1 | वार्ड क. 03/06 कॉजी हाउस के पास सामुदायिक भवन/डोम निर्माण कार्य | 19.78 लाख 06 माह | 2000/- 14850/- | 06-04-2024 17:30 PM |
| 02 | 2024_UAD_340 939_1 | रतगढ़ के वार्ड कमांक 13 नई आबादी मे नाला निर्माण कार्य | 08.30 लाख 06 माह | 2000/- 16600/- | 06-04-2024 17:30 PM |
| 03 | 2024_UAD_340 940 | रतगढ़ के वार्ड कमांक 14 गाडोलिया बस्ती मे नाला निर्माण कार्य | 13.60 लाख 06 माह | 2000/- 16605/- | 06-04-2024 17:30 PM |
| 04 | 2024_UAD_341 035_1 | मेन रोड से नवीन बस स्टेण्ड तक डामर रोड, रिटर्निंग वाल एवं आर.सी.सी.नाली निर्माण कार्य | 75.12 लाख | 5000/- 56345/- | 06-04-2024 17:30 PM |

निविदा शर्ते :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन आनलाईन mptenders.gov.in/mpurban.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र मे प्रकाशन नही किया जावेगा।

(सुगनाबाई-कचरूलाल गुर्जर) अध्यक्ष नगर परिषद रतनगढ
(किरण- शिवनन्दन छीपा) उपाध्यक्ष नगर परिषद रतनगढ
राजेन्द्र मूंदड़ा सभापति लो.नि. नगर परिषद रतनगढ
(दीपक मुवेल) उपयंत्री नगर परिषद रतनगढ
(गिरीश शर्मा) -मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगर परिषद रतनगढ

## संपादकीय

### मदद की आस में खड़े भूखे और लाचार लोगों पर गोलीबारी, मानवीयता के विरुद्ध इजरायली हमला

दुनिया में कहीं भी युद्ध चल रहा होता है तो उसमें शामिल दोनों पक्ष एक-दूसरे को कठघरे में खड़ा करते हैं। इजराइली सीमा के भीतर घुस कर जब हमास ने हमला किया था, तब तमाम देशों ने हमास की आलोचना की थी और इजराइल ने अपने जवाबी हमले को बचाव की कोशिश बताया था। मगर उसके बाद से युद्ध जिस शक्ल में जारी है, इजराइली हमलों में गाजा पट्टी में करीब तीस हजार लोग मारे जा चुके हैं, उसे देखते हुए अब इजराइल की गतिविधियों की अनदेखी कर पाना खुद उसके पक्ष में खड़े देशों के लिए भी संभव नहीं जान पड़ रहा है।

यह कल्पना करना भी मुश्किल है कि घोषित तौर पर युद्ध जारी रहने के बावजूद किसी देश के सैनिक ऐसे लोगों पर हमला कर देंगे, बहुतों को मार डालेंगे, जो भूखे और लाचार खड़े कहीं से मानवीय मदद और भोजन मिल जाने की आस में थे। गुरुवार को उत्तरी गाजा में भूख का सामना कर रहे लोग मानवीय मदद पहुंचने और भोजन का इंतजार कर रहे थे, तभी इजराइली टैंकों के जरिए उन पर अंधाधुंध गोलीबारी की गई, जिसमें एक सौ बारह लोग मारे गए। इजराइली सैनिकों की इस कार्रवाई के बाद जहां अमेरिका और फ्रांस जैसे सहयोगी देश भी नाराज और दुखी हैं, ब्राजील, जर्मनी आदि कई देशों सहित संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने भी निंदा करते हुए इसकी जांच की मांग की है, मगर इजराइल के रुख में कोई नरमी नहीं दिख रही। भारत ने भी कहा है कि इस तरह से इतने लोगों का मारा जाना और गाजा में स्थिति 'अत्यंत चिंता' का विषय है।

सवाल है कि आज क्या तमाम देशों की सहमति से तय किए गए अंतरराष्ट्रीय नियम-कानूनों पर अमल की अनिवार्यता समाप्त हो गई है कि युद्ध के दौरान किन हालात में और किन पर हमला करना है और कहां नहीं? आम लोगों, अस्पतालों, स्कूलों, शरणस्थलों जैसी कई जगहें तय की गई हैं, जिनमें विकट स्थितियों में भी हमला करने की मनाही होती है। मगर जो इजराइल अब तक फिलिस्तीन पर हमले को अपनी जवाबी कार्रवाई बताता रहा है, क्या वह भूख से लाचार लोगों पर इस तरह हुई गोलीबारी को सही ठहरा सकता है?

### रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से नई परंपरा

# 350 साल में पहली बार बाबा को लगेगी अयोध्या की हल्दी

**बाबा विश्वनाथ को अयोध्या की हल्दी लगेगी। 350 साल में पहली बार अयोध्या से हल्दी आई है। अयोध्या के रामायणी पं. वैद्यनाथ पांडेय के पुत्र पं. राघवेश पांडेय ने हल्दी भेजी है।**



**वाराणसी**

काशीपुराधिपति को अयोध्या की हल्दी लगेगी। 350 वर्षों से चली आ रही विवाह की परंपरा का यह पहला मौका होगा जब बाबा विश्वनाथ को अयोध्या से हल्दी भेजी गई है। अयोध्या के रामायणी पं. वैद्यनाथ पांडेय के पुत्र पं. राघवेश पांडेय ने सोमवार को हल्दी भेजी।

काशी विश्वनाथ की हल्दी की रस्म के लिए अयोध्या से हल्दी आई है। टेढ़ीनीम स्थित महंत आवास पर होने वाले विवाह के लोकाचार में यही हल्दी बाबा को लगाई जाएगी। यह पहला अवसर है जब अयोध्या से बाबा के लिए हल्दी भेजी गई है। इससे पहले रंगभरी एकादशी के दिन गौरा के गौना के अवसर पर मथुरा की अबीर पिछले वर्ष भेजी गई थी। पं. राघवेश पांडेय ने कहा कि यह मेरा परम सौभाग्य है कि काशीपुराधिपति बाबा विश्वनाथ के विवाह के लिए मुझे अयोध्या से हल्दी भेजने का अवसर मिला है। अयोध्या में श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद जो शुरुआत हुई है इसका निर्वाह मैं आजीवन करूंगा। मेरी कोशिश होगी कि अगले वर्ष से मैं स्वयं बाबा के लिए हल्दी लेकर काशी आऊं।

### हल्दी के साथ शुरु हो जाएंगे शिव-पार्वती विवाह के उत्सव

बाबा विश्वनाथ को हल्दी लगने के साथ ही शिव-पार्वती विवाह के उत्सव आरंभ हो जाएंगे। फाल्गुन मास के कृष्णपक्ष की चतुर्दशी पर आठ मार्च को महाशिवरात्रि के दिन शिव-पार्वती विवाह होगा। महंत आवास पर विवाह उत्सव की शुरुआत छह मार्च से होगी। टेढ़ीनीम स्थित महंत आवास पर बाबा के रजत विग्रह के समक्ष हल्दी तेल का लोकाचार पूर्ण किया जाएगा। संध्या बेला में भगवान शिव को हल्दी लगाई जाएगी। वसंत पंचमी पर बाबा श्रीकाशी विश्वनाथ के तिलकोत्सव के बाद हल्दी की रस्म निभाई जाएगी। छह मार्च को गवनहरियों की टोली संध्या बेला में महंत आवास पर जमा होगी। मंगल गीतों के बीच बाबा को हल्दी लगाई जाएगी। यह रस्म विश्वनाथ मंदिर के पूर्व महंत डॉ. कुलपति तिवारी के सानिध्य में होगी।

मांगलिक गीतों से महंत आवास गुंजायमान होगा। ढोलक की थाप और मंजीरे की खनक के बीच शिव-पार्वती के मंगल दांपत्य की कामना के गीत मुखर होंगे। हल्दी के पारंपरिक शिव गीतों में दूल्हे की खूबियों का बखान कर शिवांजलि प्रस्तुत की जाएगी।

### नटराज शिव के दरबार में प्रवाहित हुई सुरों की रसगंगा

नटराज शिव के दरबार में महाशिवरात्रि महोत्सव के सुरों की रसगंगा प्रवाहमान हुई। सोमवार को तीन दिवसीय आयोजन की पहली संध्या में गायन, वादन और नृत्य की त्रिवेणी से कलाकारों ने बाबा विश्वनाथ को सुरों की श्रद्धा अर्पित की।

सोमवार को श्री काशी विश्वनाथ धाम के मंदिर चौक पर सांस्कृतिक संध्या की शुरुआत डॉ. प्रियंबदा तिवारी पोडयाल समूह ने गणेश वंदना से शिव संध्या का श्रीगणेश किया।

इसके बाद शिव पंचाक्षर स्तोत्र की प्रस्तुति हुई। ठुमरी गायिका सुचरिता दास गुप्ता ने महादेव को ठुमरी समर्पित की। हारमोनियम पर विनोद और पंडित ललित ने संगत की।

इसके बाद युवा बांसुरी वादक डॉ. हरिप्रसाद ने बांसुरी वादन किया। उन्होंने राग मधुवंती मध्य लय, द्रुत तीन ताल की प्रस्तुतियां दीं। वायलिन पर नंदिनी, तबले पर डॉ. अमित और पखावज पर आदित्य ने संगत की। कार्यक्रम की शुरुआत आयुष मंत्री डॉ. दयाशंकर मिश्र ने दीप प्रज्ज्वलन से की। इस दौरान विधायक सुशील सिंह, सीईओ विश्वभूषण मिश्र मौजूद रहे।

## साप्ताहिक राशिफल

### मेष



मित्रों का भरपूर समर्थन मिलेगा। सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों की साख व सम्मान में वृद्धि होगी। आप अपने कामों में निसंकोच आगे बढ़ेंगे। आध्यात्मिक कार्यों में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे।

### वृष



आवश्यक काम में जल्दबाजी न दिखाएं। अनजान लोगों से दूरी बनाकर रखें तो बेहतर होगा। आवश्यक कामों पर पूरा फोकस रहेगा। आपकी कुछ नए लोगों से मुलाकात होगी।

### मिथुन



व्यक्तित्व की भावना को बल मिलेगा। आपकी जीवन शैली पहले से आकर्षक रहेगी। आपको एक के बाद एक सूचना सुनने को मिलती रहेगी। उम्मीद से ज्यादा धन मिलने से आप प्रसन्न आएंगे।

### कर्क



अपनी सकारात्मक सोच को बनाए रखें। नौकरी में आपके प्रयास बेहतर रहेंगे। आप अपनी मेहनत से एक अच्छा मुकाम हासिल करेंगे। किसी सरकारी योजना का आपको पूरा लाभ मिलेगा।

### सिंह



अंदर प्रेम व सहयोग की भावना बनी रहेगी। आर्थिक मामले पहले से बेहतर रहेंगे। बड़ों की सलाह पर चलना अच्छा रहेगा। कला व कौशल से आप लोगों को अपनी ओर आकर्षित करेंगे।

### कन्या



रक्त संबंधी रिश्तों में मजबूती लेकर आएगा। किसी नए मकान, वाहन आदि की खरीदारी करने के लिए अच्छा रहेगा। भौतिकी विषयों में आपकी पूरी रुचि रहेगी। निजी मामले आपके पक्ष में रहेंगे।

### तुला



सामाजिक विषयों पर आपका पूरा फोकस रहेगा। परिजनों की सलाह पर चलना अच्छा रहेगा। कारोबार में पूरी रुचि रहेगी। सबको साथ लेकर चलने की कोशिश करेंगे।

### वृश्चिक



अपनी वाणी व व्यवहार पर पूरा फोकस बनाए रखें, नहीं तो कोई लड़ाई झगड़े की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। परिवार के लोगों के साथ आपको सामंजस्यता दिखानी होगी।

### धनु



मिला-जुला रहने वाला है। रचनात्मक कार्य में आपकी खूब रुचि रहेगी। मामा पक्ष से आपको धन लाभ मिलता दिख रहा है। आपको छुटपट लाभ के अवसरों पर पूरा ध्यान देना होगा।

### मकर



कामकाज में सहजता रहेगी। करीबीयों की सलाह आपके खूब काम आएगी और किसी बजट बनाकर चलना आपके लिए अच्छा रहेगा। निवेश की आप पूरी तैयारी करके रखें।

### कुंभ



लेनदेन के मामले में स्पष्टता बनाए रखें। कारोबार में आपको अच्छा लाभ मिलेगा। धन-धान्य में वृद्धि होगी। छुटपुट लाभ के अवसरों पर भी बड़ा ध्यान देंगे। वाणिज्यिक विषयों में आप बेहतर रहेंगे।

### मीन



एक के साथ किसी दूसरी नौकरी का भी ऑफर आ सकता है। शासन व प्रशासन के मामले में तेजी दिखानी होगी। व्यापार में आपको अच्छा लाभ मिलने की संभावना बनती दिख रही है।

## किसानों के लिए अच्छी खबर!

# वैज्ञानिकों की बनाई खास मिट्टी में पैदावार होगी दोगुनी, बढ़ेगी किसानों की आमदनी

वैज्ञानिकों ने ऐसी मिट्टी तैयार की है, जिसमें फसल लगाने पर खराब मौसम वाले शहरों में भी ज्यादा पैदावार ली जा सकती है.

वैज्ञानिकों ने ऐसी मिट्टी तैयार की है, जिसमें फसल लगाने पर खराब मौसम वाले शहरों में भी ज्यादा पैदावार ली जा सकती है.

किसानों समेत सभी आम लोगों और दुनियाभर की सरकारों के लिए अच्छी खबर है कि अब खेती में पैदावार को महज 15 दिन के भीतर दोगुना किया जा सकता है. इससे एक तरफ किसानों को उत्पादन बढ़ने से आमदनी में इजाफे के तौर पर फायदा होगा तो उत्पादन बढ़ने से दुनियाभर में खाद्य संकट से निपटने में सरकारों को मदद मिलेगी. साथ ही आम लोगों को खाद्य सुरक्षा के तौर पर बड़ी राहत मिलेगी. ये सब वैज्ञानिकों की तैयार की गई इलेक्ट्रॉनिक्स मिट्टी की बदौलत होगा.

शोधकर्ताओं का दावा है कि ई-सॉयल के इस्तेमाल से कृषि क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव आ सकता है. इस खास मिट्टी को स्वीडन की लिनकोपिंग यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने तैयार किया है. उनका दावा है कि इलेक्ट्रॉनिक्स मिट्टी की मदद से महज 15 दिन में पैदावार को दोगुना किया जा सकता है. शोध रिपोर्ट के मुताबिक, इस खास मिट्टी की मदद से शहरी इलाकों में भी खेती करना आसान हो जाएगा. यही नहीं, इस मिट्टी में खेती करने से फसर पर मौसम का असर भी बेहद मामूली हो जाएगा. आसान शब्दों में कहें तो आपकी फसल मौसम की मार से भी बची रहेगी.

### इलेक्ट्रॉनिक्स मिट्टी क्या है, क्या है फायदा

लिंकोपिंग यूनिवर्सिटी की एसोसिएट प्रोफेसर एलेनी स्टावरिनिडॉ ने इलेक्ट्रॉनिक्स मिट्टी का इस्तेमाल जौ के पौधों पर किया. प्रयोग के नतीजे चौंकाने वाले थे. सबसे पहले जानते हैं कि इलेक्ट्रॉनिक्स मिट्टी क्या है? लिंकोपिंग यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने दावा किया है कि उन्होंने मिट्टी को कुछ इस तरह से तैयार किया है, जो सामान्य मिट्टी से कहीं ज्यादा उपजाऊ है. इस मिट्टी में पौधों के बढ़ने की रफ्तार में इजाफा हो जाता है. दरअसल, वैज्ञानिकों ने मिट्टी को कुछ ऐसे तैयार किया है, जिससे बिजली प्रवाहित करके खेती के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है. वैज्ञानिकों ने इसे इलेक्ट्रॉनिक मिट्टी नाम दिया है. इलेक्ट्रॉनिक्स मिट्टी में पौधों के बढ़ने की रफ्तार में इजाफा हो जाता है.





### पौधों की जड़ों पर किया बिजली का प्रयोग

शोधकर्ताओं के मुताबिक, दुनियाभर के देशों की आबादी तेजी से बढ़ रही है. वहीं, जलवायु परिवर्तन के कारण मौसमों में भी तेजी से बदलाव हो रहा है. ऐसे में बढ़ती आबादी के लिए पर्याप्त फसल उगाना आसान नहीं है. ये तय है कि पारंपरिक तरीकों से खेती करके बढ़ने वाली आबादी का पेट नहीं भरा ता सकता है. उनका दावा है कि ई-सॉइल के जरिये पैदावार बढ़ाकर भविष्य के खाद्य संकट से निपटा जा सकता है. वैज्ञानिकों ने इलेक्ट्रॉनिक्स मिट्टी का प्रयोग जौ के पौधे पर किया. इसमें पौधे की जड़ पर बिजली का इस्तेमाल किया गया. इस तरीके का प्रयोग पानी में पौधों को उगाने की विधि हाइड्रोपोनिक्स पर किया गया. बता दें कि हाइड्रोपोनिक्स विधि में पौधों को उगाने के लिए जहां मिट्टी की दरकार नहीं होती, वहीं पानी की भी बहुत कम जरुरत होती है.

### वैज्ञानिकों ने कैसे बनाई इलेक्ट्रॉनिक्स मिट्टी

वैज्ञानिकों के मुताबिक, इस विधि का इस्तेमाल कर जौ, हर्ब और कुछ सब्जियों को उगाने में सफलता मिली है. शोधकर्ताओं का कहना है कि इस तरीके से उगाई जाने वाली जौ की फसल की बढ़त पर इलेक्ट्रिकल स्टिमुलेशन के जरिये बच्छा असर डाला जा सकता है. आसान शब्दों में कहें तो फसल की पैदावार बढ़ाई जा सकती है. वैज्ञानिकों ने बताया कि इलेक्ट्रॉनिक्स मिट्टी को एक तरह के बायोपॉलिमर 'सेल्युलोज' से बनाया गया है. इसमें पीडझ्ॅट नाक का प्रवाहकीय पॉलिमर मिलाया गया. फिर इसमें इलेक्ट्रिकल स्टिमुलेशन गुजारा गया. शोध रिपोर्ट के मुताबिक, यह मिट्टी बहुत कम एनर्जी का इस्तेमाल करती है. यही नहीं, इससे हाई वोल्टेज का खतरा भी नहीं होता है.

### खराब मौसम वाले इलाकों के लिए फायदेमंद

शोधकर्ताओं का कहना है कि नए शोध ने हाइड्रोपोनिक तकनीक से खेती को बढ़ावा देने के लिए नए रास्ते खोल दिए हैं. शोध में पाई गई विधि के जरिये उन इलाकों में फसल की पैदावार बढ़ाई जा सकती है, जहां मौसम अक्सर खराब रहता है या जहां की मिट्टी फसल के लायक नहीं है. लिंकोपिंग यूनिवर्सिटी में ऑर्गेनिक इलेक्ट्रॉनिक्स की प्रयोगशाला में एसोसिएट प्रोफेसर एलेनी ने हाइड्रोपोनिक खेती के लिए इलेक्ट्रिकली कंडक्टिव कल्टीवेशन सब्सट्रेट विकसित किया है. इसे ही वह इलेक्ट्रॉनिक्स मिट्टी कहती हैं. लिंकोपिंग यूनिवर्सिटी के मुताबिक, यह संयोजन नया नहीं है, लेकिन खेती में इसका इस्तेमाल पहली बार किया गया है. ई-सॉइल का इस्तेमाल कम संसाधनों के साथ तेजी से अंकुर उगाने के लिए किया जा सकता है.

### अभी तक साफ है, कैसे करता है काम : एलेना

एलेनी स्टावरिनिडॉ के मुताबिक, ई-सॉइल का इस्तेमाल कम संसाधनों के साथ तेजी से अंकुर उगाने के लिए किया जा सकता है. हम अभी तक नहीं जानते कि यह वास्तव में कैसे काम करता है? इसमें कौन से जैविक तंत्र शामिल हैं? हमने पाया है कि अंकुर नाइट्रोजन को अधिक प्रभावी ढंग से संसाधित करते हैं, लेकिन यह अभी तक साफ नहीं है कि इलेक्ट्रिकल स्टिमुलेशन इस प्रक्रिया को कैसे प्रभावित करती है.

---

नवागत थाना प्रभारी मनोज सिंह जादोन ने जनसंवाद कार्यक्रम में कहा-

# जीरन के चौक चौराहों पर रहेगी तीसरी आंख की नजर, जल्द लगेंगे सीसीटीवी

**· जीरन**






मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार रविवार को प्रदेश भर में सभी पुलिस थानों पर पुलिस अधिकारियों द्वारा सामाजिक संगठन के पदाधिकारीयों से जनसंवाद कार्यक्रम किया जाना है इसी अभियान के अंतर्गत नीमच जिला पुलिस अधीक्षक अंकित जायसवाल के आदेशानुसार जिले के सभी पुलिस थानों के साथ साथ जीरन पुलिस थाने में भी पुलिस जनसंवाद कार्यक्रम के अंतर्गत बैठक आयोजित की गई।

जिला पुलिस अधीक्षक अंकित जायसवाल के आदेशानुसार जीरन पुलिस थाने में नवागत थाना प्रभारी मनोज सिंह जादौन ने आमजन से जनसंवाद में नगर व थाना क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं के बारे में जानकारी ली। जीरन नगर की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर थाना प्रभारी मनोज सिंह जादोन ने बताया कि जल्द ही जीरन के प्रमुख चौक चौराहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। जिसकी मोनेटरिंग जीरन थाने से की जाएगी। जिससे नगर की सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबन्द हो जाएगी। नगरवासियो से अपील करते हुए कहा कि अपने भवन के आसपास भी सीसीटीवी कैमरे लगाकर सहयोग करें। जनसंवाद में प्राप्त समस्या में बताया गया कि क्षेत्र की प्रमुख समस्या भूसे से भरे ट्रक, ट्रेक्टर ट्राली ओवर लोड होकर बैखौफ आमजन के लिए मुसीबत बने हुए, बैखौफ होकर फर्राटे से क्षमता से अधिक माल लादकर तेज गति से गुजर रहे हैं। शीघ्र ही उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

केबल चोरी, ट्रांसफार्मर से ऑइल चोरी के प्रकरणों पर गंभीरता से कार्यवाही की जाएगी। आगामी त्यौहारों को दृष्टिगत रखते हुए कानून व्यवस्था, सुरक्षा एवं सांप्रदायिक सद्भाव की स्थिति को बनाए रखने के लिए और असामाजिक तत्वों, अपराधिक प्रवृत्ति के लोग तथा निहित स्वार्थी तत्वों की गतिविधियों को नियंत्रित करने के लिए संपूर्ण पुलिस थाना क्षेत्र में प्रक्रिया संहिता का निषेधात्मक आदेश लोकहित में जारी करने को लेकर बैठक में उपस्थित सभी आमजन, गणमान्य जनप्रतिनिधिगण , व्यवसायिकों से कहा कि 8 मार्च को महाशिवरात्रि, 12 मार्च को रोजा प्रारंभ (रमजान प्रारंभ मुस्लिम समाज), 18 से 24 मार्च तक भगोरिया आदिवासी पर्व एवं होली दहन, 25 मार्च को होली धूलंडी, 29 मार्च गुड फ्राइडे, 30 मार्च रंग पंचमी एवं 31 मार्च को ईस्टर संडे आदि त्योहार मनाए जाएंगे। पुलिस जनसंवाद बैठक में मुख्य रूप से पुलिस सहायता केंद्र चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक गोपाल तनान, तहसीलदार नवीन गर्ग मंचासीन थे। इस अवसर पर जीरन पुलिस थाना के सभी पुलिस प्रधान आरक्षक, सैनिक एवं पुलिस जवान मुख्य रूप से मौजूद थे।

**महाशिवरात्रि विशेष...** इस शहर में है शिव का अनोखा मंदिर

# जहां दिन में 3 बार बदलते हैं भोलेनाथ अपना रंग

अगर आप शिव भक्त हैं, तो जरूर आपने आगरा के इस मंदिर के बारे में जरूर सुना होगा, जिसका रंग दिन में तीन बार बदलता है। आपको बता दें, राजेश्वर मंदिर नाम से प्रसिद्ध ये मंदिर, 850 साल पुराना है, यहां के प्रधान पुजारी के अनुसार आगरा का ये ऐतिहासिक मंदिर कम से कम 850 साल पुराना है। मंदिर भारत में मौजूद सबसे पुराने पूजा स्थलों में मशहूर है। आगरा के ताजमहल के अलावा ये मंदिर भी पर्यटकों के लिए सबसे बड़ा आकर्षण है। मिथक यह है कि राजेश्वर मंदिर में आपकी सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। राजखेड़ा के एक 'सेठ' द्वारा स्थापित यह 850 साल पुराना मंदिर है। चलिए आपको इस मंदिर के शिव के तीन बार रंग बदलने की दिलचस्प बातें बताते हैं।

## रंग बदलने वाले शिवलिंग के पीछे की पौराणिक कथा

प्रचलित कथा के अनुसार, राजस्थान के राजखेड़ा का एक सेठ नर्मदा नदी के किनारे से बैलगाड़ी पर शिवलिंग लेकर यात्रा कर रहा था। वह शुरू में इसे राजखेड़ा में स्थापित करना चाहते थे लेकिन जहां अभी मंदिर स्थापित है, वहां एक कुएं के पास विश्राम करने के लिए रुक गया। आराम करने के दौरान सपने में उसे शिव जी ने शिवलिंग को यही स्थापित करने के लिए कहा। सेठ माना नहीं और शिवलिंग ले जाने की कोशिश करने लगा, शिवलिंग वहां से हिला नहीं और वहीं स्थापित हो गया। तब से ये मंदिर यही पर है। मंदिर का कई बार पुनर्निमाण भी हो चुका है।

### मंदिर से जुड़ी मान्यता

मान्यता है कि ये शिवलिंग दिन में तीन बार अपना रंग बदलता है। सुबह मंगल आरती के समय, दोपहर की आरती के दौरान हल्का नीला और शाम की आरती के समय गुलाबी रंग जैसा दिखता है। जब तक कोरोना का असर था तब मंदिर में सन्नाटा रहता था, लेकिन अब लोगों की भीड़ आपको यहां अच्छी खासी देखने को मिल जाएगी। यही नहीं यहां लोग शिवरात्रि के मौके पर भी पूजा-अर्चना करने के लिए आते हैं।

### सावन के महीने में राजेश्वर मंदिर में हस्तियां भी आती हैं

ऐतिहासिक मंदिर अपनी आरती के लिए भी जाना जाता है। जिस तरह से हर मंदिर की अपनी अनोखी आरती होती है, उसी तरह से इस मंदिर की भी अनूठी आरती है। राजेश्वर मंदिर में, सावन के पवित्र महीने के दौरान एक विशेष आरती आयोजित की जाती है। मंदिर के कपाट सुबह चार बजे भक्तों के लिए खुलते हैं और रात करीब साढ़े दस बजे बंद हो जाते हैं। सावन के महीने में एक विशेष पूजा भी होती है।

### ऐतिहासिक मंदिर ट्रस्ट द्वारा चलाया जाता है

ऐतिहासिक मंदिर एक ट्रस्ट द्वारा नियंत्रित किया जाता है। मंदिर ने हाल ही में स्थानीय लोगों और ट्रस्ट की मदद से मंदिर का नवीनीकरण किया है। इस मंदिर में आपको कई बॉलीवुड हस्तियां भी पूजा-अर्चना करते हुए मिल जाएंगी। 8 जुलाई को सेलिब्रिटी कपल पायल रोहतगी और संग्राम सिंह ने अपनी शादी से पहले 850 साल पुराने इस मंदिर में पूजा की थी।

### कैसे पहुंचा जाये

**ट्रेन से**: दिल्ली और आगरा को जोड़ने वाली कई ट्रेनों से आप यहां तक करीबन 3 घंटे में पहुंच सकते हैं।

**हवाई मार्ग से**: उड़ान सेवा दिल्ली-आगरा-जयपुर का एक त्रिभुज मार्ग बनाती है। इससे एक घंटे में पहुंच सकते हैं।

**बस द्वारा**: कई बसें आगरा को नई दिल्ली से जोड़ती हैं। बस से आगरा पहुंचने में लगभग 4-5 घंटे लगते हैं।



# समूह लोन के नाम पर महिलाओं से धोखाधड़ी



• गरुड़ एक्सप्रेस डेस्क

**नीमच।** जिला मुख्यालय से सटे ग्राम कनावटी में महिलाओं को झांसे में लेकर उनके साथ धोखाधड़ी करने का एक बड़ा मामला सामने आया है। समूह लोन खुलवाने की बात कहकर बारी-बारी से महिलाओं से रूपये ऐठे गए, और वह अपने झांसे में लेने वाली यहीं महिला लाखों रूपये लेकर गांव छोड़ फरार हो गई, अब यह पूरा मामला जिला कलेक्टर और पुलिस तक भी पहुंचा है।

दरसअल, ग्राम कनावटी निवासी महिलाएं बड़ी संख्या में मंगलवार को जिला कलेक्टर कार्यालय पहुंची। यहां जनसुनवाई में इन्होंने एक ज्ञापन जिला कलेक्टर दिनेश जैन के नाम सौंपा। फिर यहीं ज्ञापन लेकर गांव की महिलाएं थाने भी पहुंची। ज्ञापन में महिलाओं ने बताया कि, प्रार्थीगण शरीफन बी पति रूस्तम अली, तरन्नुम पति अनवर, शकीला पति जमील शाहीन पति मुस्तफा, पूजा पति विनोद नायक और भारती पति संतोष कुण्ड सभी ग्राम कनावटी के निवासी है। गांव में ही सुल्ताना बी पति शहजाद पठान नामक महिला किराये के मकान में रहती है। उक्त महिला ने अपने आपको बैंक की जानकार बताकर हम सभी को विश्वास में लिया, और समूह लोन दिलाने की बात कहीं।

# झूला झूलते-झूलते झूला ही बन गया फांसी का फंदा, मासूम की मौत

• गरुड़ एक्सप्रेस

**जीरन।** सोमवार को एक घटना घटी, जिसमे एक मासूम बच्ची की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद जहां एक और परिवार में मातम पसर गया, तो वहीं दुसरी और क्षेत्र में एकाएक सनसनी फैल गई, घटना जीरन थाना क्षेत्र के जयप्रकाश नगर की है। जिसमें घर के बाहर खेलते हुए बच्चों के बीच झूला काल बन गया। मिली जानकारी के अनुसार राधिका पिता तोताराम भील (10) और अन्य बच्चें एक साथ झूला झूल रहे थे। तभी अचानक दुपट्टा राधिका के गले में फंस गया, और उलझता चला गया। फिर साथ वाले बच्चों ने राधिका को जैसे-तैसे इस दुपट्टे से बाहर निकाला। बाद में परिजनों सहित आसपास के अन्य लोग राधिका को जीरन शासकीय अस्पताल लाएं, जहां से 10 वर्षीय राधिका को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रैफर कर दिया, और यहां डॉक्टरों ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया। जिला अस्पताल चौकी से मिली जानकारी के अनुसार, परिजनों ने बताया कि, वह मजदूरी करने गए थे। इसी बीच यह हादसा हो गया। वहीं मृतिका राधिका का पीएम जिला अस्पताल में किया जा रहा है। जहां से शव परिजनों को सौंपा दिया गया। वहीं जीरन पुलिस ने भी मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। राधिका की शव यात्रा मंगलवार सुबह निकाली गई जिसमें पूरे मोहल्ले में मातम छाया।



### उत्साह के साथ मनेगा महाशिवरात्रि पर्व

# सुरम्य पहाड़ियों की गोद में दिनभर चलेगा विशाल भंडारा







**राजू जाट • गरुड़ एक्सप्रेस**

हरवार। हरवार, महाशिवरात्रि शिव और उमा का मिलन पर्व हरवार सहित पूरे अंचल के शिवालयों में उत्साह और उमंग के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर अल सुबह से ही शिव मंदिरों में भक्तों की भीड़ दर्शन हेतु उमड़ने लगेगी। हर हर महादेव, जय बम बोले, ओम नमः शिवाय के जयकारों से शिवालय गूंज उठेगें।

शिव भक्त महाशिवरात्रि पर्व पर बाबा भोलेनाथ को बिल्व पत्र, फूल, पत्तियां, धतूरा, भांग सहित अन्य पूजन सामग्री अर्पित कर पूजा- अर्चना के साथ जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक, श्रृंगार, भजन किर्तन कर परिवार के लिए सुख-समृद्धि की कामना करेंगे। महाशिवरात्री पावन पर्व के अवसर पर सभी शिवालयों को मंदिर समितियों की तरफ से आकर्षक बिद्युत सज्जा से जगमग किया जा रहा है।

शुक्रवार को अल सुबह से ही हरवार के पास सुरम्य पहाड़ियों की गोद मे स्थित अति प्राचीन जलेश्वर महादेव मंदिर पर भक्तों की भीड़ दर्शन हेतु उमड़ेगी, जो देर शाम तक निरंतर जारी रहेगी। महाशिवरात्रि पर सूर्योदय से ही हवन, पाठ-पूजा का आयोजन शुरू हो जाएगा। पार्वती द्वारा महादेव शिव को पति रूप में पाने के लिए की गई तपस्या का फल ही महाशिवरात्रि है। यह शिव और शक्ति के मिलन की रात है। जलेश्वर महादेव मंदिर पर भगवान आशुतोष के दर्शन हेतु आनेवाले श्रद्धालुओं के लिए जलेश्वर सेवा समिति द्वारा हर वर्ष की तरह इस बार भी भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

जलेश्वर महादेव मंदिर पर महाशिवरात्रि के अवसर पर रात्रि को स्थानीय कलाकारों द्वारा भजन कीर्तन किया जाएगा। भण्डारे का आयोजन शुक्रवार को महाशिवरात्रि के अवसर पर 8 वी बार भण्डारा किया जाएगा। विगत 7 वर्षों से महाशिवरात्रि पर्व पर जय जलेश्वर सेवा समिति द्वारा भण्डारे का आयोजन किया जा रहा है। जलेश्वर महादेव मंदिर पर महाशिवरात्रि के अवसर पर रात्री को स्थानीय कलाकारों द्वारा भजन किर्तन किया जाएगा।

## ...इसलिए कहा जाता है जलेश्वर महादेव

जलेश्वर महादेव मंदिर को लेकर बताया जाता है कि यहां के बड़े ऋषि मुनियों ने तपस्या की हैं। यह मंदिर काफी सदियों पुराना है। यहा की विशेषता है कि भरी गर्मी में भी यहां पर चट्टान के नीचे से 12 महीने पानी बहता है। इसलिए इस स्थल का नाम जलेश्वर महादेव कहा जाता है। हालांकि पिछले कुछ वर्षों में यहा पानी की कमी देखने मे आई है। मन्दिर समिति द्वारा कुण्ड का जीर्णोद्धार भी किया जा रहा है।

## सड़क मंजूर, भक्तो को पहुंचना होगा सुगम



जीरन तहसील क्षेत्र में लम्बे समय पिपलिया जागीर से जलेश्वर महादेव होकर हरवार तक सड़क निर्माण की मांग ली जा रही थी। ग्रामीण क्षेत्र की इस प्रमुख सडकों की मांग पूरी होने से इस सडक के निर्माण और उन्नयन से राह आसान होगी और क्षेत्रवासियों को धूल और गड्डों से बड़ी राहत मिलेगी। ग्रामीण आवागमन को और अधिक सुगम एवं सुविधाजनक बनाने के लिए विधायक दिलीपसिंह परिहार के अथक प्रयासों से नीमच विधानसभा में 6 सडक निर्माण की स्वीकृति मिली है, जिसमें पिपलिया जागीर से जलेश्वर महादेव होते हुए हरवार मार्ग (4.60 किमी) लागत 663.93 लाख रु. के सडक निर्माण की भी स्वीकृति मिली है। टेण्डर प्रकिया शुरु हो चुकी है जल्द ही सड़क का काम शुरु होगा।

# पिकअप में परिवहन किया जा रहा 6 क्विंटल अवैध डोडाचूरा जब्त, 1 तस्कर गिरफ्तार

**ईश्वर व्यास • गरुड़ एक्सप्रेस**

**रतनगढ़।** थाना प्रभारी रतनगढ बी.एस. गोरे के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा पीकअप वाहन से 30 काले रंग के प्लास्टिक के कट्टों में भरा अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा कुल वजनी 600 किलोग्राम मय पीकअप वाहन कुल कीमति 23 लाख रूपयें का जप्त कर 01 तस्कर को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गई है। दिनांक 05.03.2024 को थाना रतनगढ पर जरिये मुखबीर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि सफेद रंग की पिकअप क्रमांक आरजे 49 जीए 2227 में अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा परिवहन किया जा रहा है, सूचना प्राप्त होने पर उक्त सूचना पर कार्यवाही करते हुए विघुत ग्रिड के पास दुधतलाई, रामनगर आम रोड पर नाकाबन्दी की गई, नाकाबन्दी के दौरान सफेद रंग की पिकअप वाहन क्रमांक आरजे 49 जीए 2227 को घेराबन्दी कर रोका तथा वाहन में बैठे व्यक्ति से नाम पता पूछते उक्त व्यक्ति ने अपना नाम राधेश्याम पिता शालिगराम पाटीदार उम्र 48 साल निवासी ग्राम डीकेन थाना रतनगढ़ जिला नीमच (म.प्र.) का होना बताया। उक्त पिकअप वाहन की तलाशी लेने पर वाहन में 30 प्लास्टिक के कट्टों में कुल 600 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा छिलका भरा हुआ मिला। प्रकरण में आरोपी को गिरफ्तार किया जाकर मौके की सम्पूर्ण कार्यवाही कर आरोपी के विरुद्ध थाना रतनगढ पर अपराध धारा 8/15 एनडीपीएस एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। गिरफ्तार आरोपी से जप्तशुदा अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा लाने ले जाने के स्त्रोतो के संबंध में पूछताछ जारी है।

उक्त कार्य में थाना प्रभारी रतनगढ निरीक्षक बी.एस. गोरे एंव उनकी टीम का सराहनीय योगदान रहा।

## कार्यालय नगर परिषद मनासा जिला नीमच म.प्र.

क्रमांक मनासा, दिनांक / 02/2024

विज्ञप्ति

एतद् द्वारा समस्त व्यक्तियो संस्थाओ एंव हित रखने वालो को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित आवेदकगणो द्वारा नगर परिषद मनासा की सीमा क्षेत्र मे स्थित भूमि भवन क्रय, वंशानुक्रम आदि के आधार पर नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 160–161 मे वर्णित प्रावधानो के तहत अपना नाम नगर परिषद के कर निर्धारण पंजी मे अंकित करवाना चाहा गया है। यदि किसी संस्थाओ एंव हित रखने वाले व्यक्तियो को इस सम्बन्ध मे किसी प्रकार की कोई आपत्ति होतो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर अपनी आपत्ति/दावा मय वैधानिक प्रमाण पत्रो के साथ अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। बाद अवधि किसी प्रकार की आपत्ति मान्य नही की जावेगी और अग्रीम कार्यवाही की जावेगी।

| अनुक्र | आवेदक का नाम | विक्रेता/मृतक का नाम | भूमि भवन का विवरण | नामा. का आधार |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमति सुशीला राठी पति ब्रजबिहारी राठी | श्री हरिकृष्ण पिता हरगोविन्द राठी | वार्डक्र. 07 महेश्वरम सर्वे क्र. 177/42/11 पैकी 937 वर्गफीट | विक्रय पत्र |
| 2 | श्री मदनलाल पिता लक्ष्मण कुमावत | चेतना पति शैलेन्द्र जैन | वार्ड क्र. 14 विरानी सर्वे 376/5/2 पैकी कुल 1000 वर्गफीट | डायवर्सन आदेश विक्रय पत्र |
| 3 | श्रीमति दाखीबाई पति कैलाशचन्द्र राठौर | रुकमणबाई पति स्व. बद्रीलाल,घापुबाई पति शांतिलाल,भगतराम पिता भैरुलाल माली | वार्ड क्र. 05 अहिल्यापुरा भवन क्र. 104 | विक्रय पत्र , |
| 4 | श्री राजेश ,ललित कुमार पिता जगदीशचन्द्र विजयवर्गीय | श्री सुनिल कुमार पिता बंशीलाल झंवर | वार्ड क्र. 07 अस्पताल रोड भवन क्र.138 का भाग कुल 406.25 वर्गफीट | विक्रय पत्र , |
| 5 | श्रीमति शमीम बी पति मो. सलीम,पिन्टु पितामो. सलीम | अर्जुन पिता नन्दकिशोर सौलंकी | वार्ड क्र. 14 दायमा कालोनी सर्वे नं. 525/9 पैकी कुल 1023 वर्गफीट | डायवर्सन आदेश विक्रय पत्र |
| 6 | श्रीमति सुनिताबाई पति भैरुलाल तेली | श्री गोपाल पिता केशुराम माली | वार्ड क 01 जतिजी मंदीर के पिछे सर्वे क्र. 194 पैकी कुल 800 वर्गफीट | विक्रय पत्र , डायवर्सन आदेश, |
| 7 | श्रीमति शिवकन्या पति दिनेश राठौर | श्री इन्दरसिंह पिता गोराजी चावडा | वार्ड क 02 प्रेम विहार कालोनी भूखण्ड क्र. 83 सरल क्र. 93 पर दर्ज | विक्रय पत्र |
| 8 | श्रीमति उमादेवी पति राकेश कुमार राठौर | श्रीमति इन्दा पति प्रहलाद सतोकिया | वार्ड क्र. 07 रामेश्वर कालोनी सरल क्र. 298 पर दर्ज | विक्रय पत्र |
| 9 | श्रीमति रंजना देवी पति नारायणदास बैरागी | श्री रमेशचन्द्र पिता प्रभुलाल बामनीया | वार्डक्र. 15 ईशवर सरल क्र. 302 पर दर्ज | विक्रय पत्र |
| 10 | श्री नवीन कुमार पिता मोतीलाल मलहारा | श्री काईद जोहर पिता हाजी अब्बासअली बोहरा | वार्ड क्र. 14 गुरुकृपा कालोनी ब्लाक ए भूखण्ड क्र. 08 कुल 1250 वर्गफीट | विक्रय पत्र , |
| 11 | किरण पिता गोपाल सोडानी | देवीलाल,ताराचन्द पिता बाबुलाल,रेखा पति प्रकाश ग्वाला | वार्ड क्र. 09 नाईगली भवन क्र. 104 का भाग | विक्रय पत्र , |
| 12 | श्री उमेश पिता लालचन्द्र ग्रोवर | नरेश पिता अर्जुनदास, दिनेश पिता रामलाल | वार्ड क्र. 15 आनन्द विहार कालोनी सर्वे नं. 909 पैकी कुल 1822 वर्गफीट | विक्रय पत्र , |
| 13 | श्री राजु पिता फकीरचन्द्र लश्कार | श्री सुनिल ,पवन पिता गोपालराठौर | वार्डक्र. 07 महेश्वरम से लगत अल्हेड रोड सरल क्र. 322 पर दर्ज का भाग | विक्रय पत्र |
| 14 | श्रीमति हेमलता पति पारसमल भण्डारी | श्री अनिल पिता किशोरीलाल बांगा | वार्ड क्र. 10 न्यु उषागंज सरल क्र. 47 पर दर्ज | विक्रय पत्र |
| 15 | श्री रामगोपाल पिता भुवानीराम कुमावत | एम.बी.एस. इन्फ्रा.प्रा.लि. श्री मंगेश संघाई | वार्ड क्र. 07 रायल रेसीडेन्सी भूखण्ड क्र. 09 का भाग | विक्रय पत्र, |
| 16 | श्री रामगोपाल पिता भुवानीराम कुमावत | एम.बी.एस. इन्फ्रा.प्रा.लि. श्री मंगेश संघाई | वार्ड क्र. 07 रायल रेसीडेन्सी भूखण्ड क्र. 08 व 09 का भाग | विक्रय पत्र, |
| 17 | श्री सत्यनारायण पिता राम कुंवर तोतला | शांताबाई पति रामप्रकाश तोषनीवाल | वार्ड क्र. 11आर.एल.बी. रोड से अंदर सर्वे क्र. 444/13 पैकी 1120 वर्गफीट | डायवर्सन आदेश विक्रय पत्र |
| 18 | श्रीमति सुशीला पति जगदीश लोहार पुत्र बद्रीलाल,दीपक पिता जगदीशचन्द्र लोहार | श्री जगदीशचन्द्र पिता भवरलाल लोहार | वार्ड क्र.13 कमलानेहरु कालोनी LIG-II-51 | विक्रय पत्र |
| 19 | कपूरदेवी पति कैलाशनारायण श्रीवास | भंवरलाल पिता बालमुकंद बलाई | वार्ड क 11 जुनासाथ दक्षिण भाग 1985–86 के भवन क्र. 115 का भाग कुल 416 वर्गफीट | डायवर्सन आदेश विक्रय पत्र |
| 20 | श्रीमति सोनाली पति हेमंत सोलंकी | नरेन्द्र कुमार पिता लक्ष्मणदास ,ज्योति पति नरेन्द्र कुमार वधवा | वार्ड क 15 जीवन नगर सरल क्र. 596 पर दर्ज | विक्रय पत्र |
| 21 | सुभाष व्यास पिता भाऊराव व्यास,रामानुज पिता गोपाल लाठी | दिलीप कुमार समदानी पिता रामगोपाल समदानी | वार्ड क्र. 13 समदानी कालोनी कुल 226.5 वर्गफीट | डायवर्सन आदेश विक्रय पत्र |
| 22 | बलराम पिता कचरुलाल मण्डवारिया | अल्ताफ हुसैन पिता शाफी मोहम्मद,असलम,आजाद पिता इकबाल हुसैन | वार्ड क्र. 02 सर्वे क्र. 696/3 मिन/6व 696/3मिन /1 कुल 1000 वर्गफीट | डायवर्सन आदेश विक्रय पत्र |
| 23 | रजिया बी पिता सुल्तान एहतद मंसूरी | युसुफ पिता इब्राहीम लोखण्डवाला | वार्ड क्र. 14 न्यू नूरी कालोनी सर्वे क्र. 163/1 पैकी 690 वर्गफीट | डायवर्सन आदेश विक्रय पत्र |
| 24 | कविता भण्डारी पति आशीष कुमार भण्डारी | पुष्पा पति श्यामलाल माहेश्वरी | वार्ड क्र. 07 रामेश्वरम विहार कालोनी कुल 1200 वर्गफीट | विक्रय पत्र |
| 25 | जगदीशचन्द्र पिता बंशीलाल धनोत्या | कायमअली पिता शेख मोहम्मद हुसैन बोहरा | वार्ड क्र. 14 पडदा काम्पलेक्स (गुरुकृपा कालोनी से लगत)भवन क्र. 181 का भाग | विक्रय पत्र |
| 26 | कपिल पिता गोवर्धनलाल पुरोहित | रमेशचन्द्र पिता रामचन्द्र उपध्याय | वार्ड क्र. 14 विराणी सर्वे 376/5/2 पैकी कुल 770 वर्गफीट | डायवर्सन आदेश विक्रय पत्र |
| 27 | श्रीमति पुष्पा पति गोपाल तेली | श्रीमति इन्दिरा पति सत्यनारायण | वार्ड क्र. 07 अम्बेडकर कालोनी सर्वे क्र. 153/1 पैकी कुल 1200 वर्गफीट | डायवर्सन आदेश विक्रय पत्र |
| 28 | श्रीमति फातेमा पति युसुफअली बोहरा | श्री ऋषभचन्द्र भण्डारी पिता मुलचंद भण्डारी | वार्ड क्र. 14 नीमच मंदसौर रोड भवन क्र. 80 का भाग कुल 800 वर्गफीट | विक्रय पत्र |
| 29 | श्री रामानुज ,दिनेश पिता बापूलाल परवाल | स्व. बापूलाल पिता बालमुकुन्द परवाल | वार्ड क्र. 05 धोबी मोहल्ला पंजी क्र. 07–05 सरल क्र. 91 पर दर्ज | मृत्यु प्रमाण पत्र वारीसाना शपथ पत्र |
| 30 | श्री सत्यनारायण पिता राधेश्याम ,मनोज कुमार पिता रामनारायण झंवर | श्री गुलाबनाथ पिता भोलानाथ बाबा | वार्ड क्र. 07 गोकुल नगर सर्वे क्र. 263 पैकी 0.803 | डायवर्सन आदेश विक्रय पत्र |

डॉ सीमा अजय तिवारी, अध्यक्ष, नगर परिषद मनासा
किशोर जोलान्या, उपाध्यक्ष, नगर परिषद मनासा
श्रीमति अर्चना पुष्कर झंवर, सभापति राजस्व एंव बाजार समिति, नगर परिषद मनासा
रितेश कुमार पाटीदार, मुख्य नगरपालिका अधिकारी, नगर परिषद मनासा

Powered by isba GROUP

Since - 2006

# Patwa Academy for Education

EDUCATION FULL OF LIFE

Best School Campus of Neemuch



# Admissions Open

PLAY GROUP TO IX & XI

NOTE : QUALIFYING AGES AND CURRICULUM AS PER NEP

● CCTV Camera ● Transport Facility ● Boys Hostel Facility

EX-STUDENT TESTOMONIALS



Dr. AYUSH PATIDAR
(Pursuing MBBS From AIMS DEWAS)

I would like to thank my school for constant support they provided me during my journey , teachers supported me in every way they could from studies to stay physically fit . Its hostel are good enough in food , maintenance much friendly. School has helped me to excel in everything be it academics, sports socially and much more.They have well qualified teachers in every stream. I will be forever thankful to PATWA ACADEMY.



Raj Sharma
(IIT Indore)

The patwa academy is a fantastic school. Teachers, staff and extracurricular activities are great. I recommend the Patwa Academy to everyone who wants to have a wonderful experience .



KULDEEP PATIDAR
(Chartered Accountant)

My experience with the school has been amazing and life changing. Here, The teachers have helped me to polish my skills. I myself didn't feel to join tutions as the conceptual clarity gained is the most commendable . The school provides the perfect combination of Mental and physical development.

isba GROUP

## Patwa Academy for Education

(CBSE Affiliation No. 1030327)

Campus : Chitakhera Road, Opp. Air Strip, Neemuch (M.P.)
Mob. 7073817600, 9301026305

Our Website : www.patwaacademy.in

स्वामी प्रकाशक राजेश लक्षकार के लिए मुद्रक प्रेमप्रकाश जैन के द्वारा नाकोड़ा ग्राफिक्स सिस्टम एण्ड प्रिंटर्स, 129, विकास नगर, नीमच (म.प्र.) से मुद्रित कर 51 पीपल चौक जीरन, जिला-नीमच से प्रकाशित। **सम्पादक - राजेश लक्षकार***